1990-91 — 2 cases
1991-92 — 3 cases
1992-93 — 3 cases
1993-94 — 3 cases

(b) Yes, Sir.

(c) and (d) As a result of investigations done so far, 21 officers (GOs) have been found guilty. The details of disciplinary/administrative action taken against them, year-wise, are as under:—

Gear	Major penalty	Minor penalty	Administrative action
1990-91	..	3	..
1991-92	4	1	7
1992-93	1	..	..
1993-94	1	2	2

(e) Does not arise.

धारगांव (तहसील श्रीगोंदा) में एक रेलवे स्टेशन का निर्माण करने का अनुरोध

1282. **श्री गोविन्द राव आदिक :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार से धोंड-मनमाड रेलवे लाईन पर धारगांव (तहसील श्रीगोंदा) में एक नया रेलवे स्टेशन बनाने का अनुरोध किया गया है ;

(ख) यदि हां तो इस संबंध में क्या निर्णय लिया गया है; और

(ग) इस स्टेशन का निर्माण कब तक पूरा कर लिया जाएगा ?

रेल मंत्री (श्री सी. के. जाफर शरीफ) (क) और (ख) धोंड-मनमाड खण्ड पर बेलवंडी और बीसापुर स्टेशनों के बीच धारगांव में नया हाल्ट स्टेशन खोलने का प्रस्ताव 1991 में प्राप्त हुआ था। उसकी जांच की गई थी लेकिन उसे इंजीनियरी दृष्टिकोण से व्यवहारिक नहीं पाया गया।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

पहाड़ी क्षेत्रों में रेल-सुविधाओं पर हुआ व्यय

1283. **श्री महेश्वर सिंह :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पहाड़ी क्षेत्रों में रेल सुविधा के विकास के लिए इस वर्ष राज्यवार खर्च की जा रही कुल धनराशि का ब्यौरा क्या है ;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान **हिमाचल प्रदेश** में रेल-सुविधाओं के विस्तार से संबंधित विभिन्न कार्यों पर खर्च की गई धनराशि का कार्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या हिमाचल प्रदेश सरकार ने विद्यमान रेल लाईनों की स्थिति में सुधार लाने अथवा नई रेल लाईन बिछाने का कोई प्रस्ताव केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?